दैनिक भास्कर बुरहानपुर 06-09-2025

तीन माह का अभियान, नेपा मिल में साझा जिम्मेदारी विषय पर हुई चर्चा

जागरुकता सप्ताह-अफसरों को दिया प्रशिक्षण

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

नेपा मिल में प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में शुक्रवार को सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2025 के तहत विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के निर्देशन में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक तीन माह का अभियान चलाया जा रहा है। नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में आयोजित विशेष प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में सुधीर कुमार पटले उप प्रबंधक पावर हाउस, देवेंद्र महोबे विभागाध्यक्ष डी-इंकिंग संयंत्र और राजेंद्र चौधरी सहायक अधिकारी कार्मिक, प्रशासन ने विजिलेंस इंक्वायरी और चार्जशीट कैसे ड्राफ्ट करें विषय पर प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने कहा सतर्कता तभी सार्थक है जब हर कर्मचारी स्वयं को इस प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार माने। पारदर्शिता और प्रक्रियागत शुचिता ही संस्थान की प्रगति की असली ताकत है। सतर्कता अभियान में मुख्य भूमिका निभा रहे मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा ने कहा कि सतर्कता किसी एक विभाग का कार्य नहीं, बल्कि पूरे संगठन की जीवनशैली है। हर अधिकारी और कर्मचारी को यह समझना होगा कि पारदर्शिता केवल नियमों से नहीं बल्कि व्यक्तिगत आचरण और निष्ठा से स्थापित होती है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच और जवाबदेही की दृढ़ भावना ही संस्थान में विश्वास का वातावरण तैयार करती है। उनका कहना था कि नेपा लिमिटेड की यह पहल कार्य संस्कृति को और अधिक स्वच्छ, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाएगी। प्रशिक्षण सत्र में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक वित्त व आईटी संजीव कानडे, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा, उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन बिजेंद्र कुमार, प्रबंधक मैकेनिकल महेंद्र केसरी, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

नेपा लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत अधिकारियों को प्रशिक्षण

'सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर हुई चर्चा

दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले

बुरहानपुर/नेपानगर। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशन में सतर्कता = हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक तीन माह का अभियान चलाया जा रहा है। नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में आयोजित विशेष प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में सुधीर कुमार पटले उप प्रबंधक पावर हाउस,देवेंद्र महोबे विभागाध्यक्ष डी-इंकिंग संयंत्र और राजेंद्र चौधरी सहायक अधिकारी कार्मिक एवं प्रशासन ने विजिलेंस इंक्वायरी और चार्जशीट कैसे ड्राफ्ट करें विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सतर्कता तभी सार्थक है जब हर कर्मचारी स्वयं को इस प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार माने। पारदर्शिता और प्रक्रियागत शुचिता ही संस्थान की प्रगति की असली ताकत है। सतर्कता अभियान में मुख्य भूमिका निभा रहे मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा ने कहा कि सतर्कता किसी एक विभाग का कार्य नहीं बल्कि पूरे संगठन की जीवनशैली है। हर अधिकारी और कर्मचारी को यह समझना होगा कि पारदर्शिता केवल नियमों से नहीं बल्कि व्यक्तिगत आचरण और निष्ठा से स्थापित होती है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच और जवाबदेही की दृढ़ भावना ही संस्थान में विश्वास का वातावरण तैयार करती है। उनका कहना था कि नेपा लिमिटेड की यह पहल कार्यसंस्कृति को और अधिक स्वच्छ,पारदर्शी और जनोन्मुख बनाएगी। प्रशिक्षण सत्र में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार,प्रबंधक वित्त एवं आईटी संजीव कानडे,उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा,प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा,उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन बिजेंद्र कुमार,प्रबंधक मैकेनिकल महेंद्र केसरी,प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी,उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा,प्रबंधक पेपर मशीन केके देशमुख,विधि अधिकारी दीपक सिंह ठाकुर,केंद्रीय भंडार से संजय सुगंधी,श्रम कल्याण एवं संबंध विभाग से दिनेशचंद्र सोवले और विद्युत विभाग के प्रबंधक किशोर महाजन ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

नेपा लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

पीपीटी न्यूज. नेपानगर

नेपानगर के केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशन में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर 18 अगस्त से 17 नवंबर तक तीन माह का अभियान चलाया जा रहा है।

नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में आयोजित विशेष प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में सुधीर कुमार पटले उप प्रबंधक पावर हाउस, देवेंद्र महोबे विभागाध्यक्ष डी-इंकिंग संयंत्र और राजेंद्र चौधरी सहायक अधिकारी कार्मिक एवं प्रशासन ने ÷विजिलेंस इंक्वायरी और चार्जशीट कैसे ड्राफ्ट करें÷ विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सतर्कता तभी सार्थक है जब हर कर्मचारी स्वयं को इस प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार माने। पारदर्शिता और प्रक्रियागत शुचिता ही संस्थान की प्रगति की असली ताकत है। सतर्कता अभियान में मुख्य भूमिका निभा रहे मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा ने कहा कि सतर्कता किसी एक विभाग का कार्य नहीं बल्कि पूरे संगठन की जीवनशैली है। हर अधिकारी और कर्मचारी को यह समझना होगा कि पारदर्शिता केवल नियमों से नहीं बल्कि व्यक्तिगत आचरण और निष्ठा से स्थापित होती है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच और जवाबदेही की दृढ़ भावना ही संस्थान में विश्वास का वातावरण तैयार करती है।

इन्होंने प्राप्त किया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण सत्र में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक वित्त एवं आईटी संजीव कानडे, उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा, उप प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन बिजेंद्र कुमार, प्रबंधक मैकेनिकल महेंद्र केसरी, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा, प्रबंधक पेपर मशीन केके देशमुख, विधि अधिकारी दीपक सिंह ठाकुर, केंद्रीय भंडार से संजय सुगंधी, श्रम कल्याण एवं संबंध विभाग से दिनेशचंद्र सोवले और विद्युत विभाग के प्रबंधक किशोर महाजन ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।